भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 398
(दिनांक 05.12.2023 को उत्तर देने के लिए)

एफएम रेडियो मलयालम

398. श्री राजमोहन उन्नीथन:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कासरगोड जिले में मलयालम कार्यक्रमों के लिए कोई फ्रीक्वेंसी मॉड्यूलेशन (एफएम) रेडियो उपलब्ध नहीं है और यदि हां, तो इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है;

(ख) कासरगोड जिले के उत्तरी भाग में उपलब्ध कन्नड़ एफएम चैनल का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने ध्यान दिया है कि कासरगोड जिले में मलयालम भाषा बोलने वाले लोगों की संख्या अधिक है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त जिले के सभी भागों में मलयालम एफएम रेडियो का लाभ उठाने के लिए कन्नुर एफएम रेडियो में निकटतम मलयालम एफएम रेडियो स्टेशन की प्रसारण क्षमता में वृद्धि करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(च) कासरगोड में नए सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की प्रगति का ब्यौरा क्या है; और

(छ) इस संबंध में कितने आवेदन लंबित हैं और कितने आवेदन अनुमोदित हुए हैं?

उत्तर
सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ङ): आकाशवाणी का कासरगोड में 100 वाट का एफएम रिले स्टेशन है जो स्थानीय कवरेज के लिए मलयालम में आकाशवाणी चैनल चलाता है। प्रसारण लाइन ऑफ साइट का अनुसरण करता है और भौगोलिक सीमाओं की दृष्टि से बंधा नहीं है। कर्नाटक के निकटवर्ती

जिलों यथा मेडिकेरी और उडुपी में आकाशवाणी एफएम ट्रांसमीटरों से भी कासरगोड जिले के कुछ हिस्सों में एफएम प्रसारण उपलब्ध है।

कन्न्नुर में एफएम रेडियो स्टेशन की प्रसारण क्षमता 6 किलोवाट से बढ़ाकर 10 किलोवाट शक्ति कर दी गई है।

इसके अलावा, कन्न्नुर में 3 किलोवाट (न्यूनतम) से 10 किलोवाट (अधिकतम) की प्रसारण क्षमता वाले तीन निजी एफएम रेडियो चैनल भी चल रहे हैं।

(च) और (छ):भारत सरकार ने कासरगोड में एक सामुदायिक रेडियो स्टेशन की स्थापना के लिए टेलिचेरी सोशल सर्विस सोसाइटी के साथ अनुमति मंजूरी करार पर हस्ताक्षर किए हैं। कासरगोड में किसी भी संगठन का कोई आवेदन लंबित नहीं है।

*****